# बोस संस्थान, कोलकाता

(विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली के अधीन एक स्वायत्त वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान)

विज्ञापन सं. 81/गैर-एसीए/11/2022-23 दिनांक: 14.01.2023

**बोस संस्थान में कनिष्ठ मैकेनिक (इलेक्ट्रिकल), कनिष्ठ मैकेनिक (मैकेनिकल) और ड्राइवर-सह-मैकेनिक की भर्ती के लिए आवेदनों का आमंत्रण**

बोस संस्थान, कोलकाता **कनिष्ठ मैकेनिक (इलेक्ट्रिकल) 02 (दो) पद, कनिष्ठ मैकेनिक (मैकेनिकल) 01 (एक) पद और ड्राइवर-सह-मैकेनिक 01 (एक) पद** के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है. बोस संस्थान, कोलकाता, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय स्वायत्त एसएंडटी संस्थान है, जिसे विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से 100% अनुदान सहायता प्राप्त होती है. पदों की संख्या और अर्हताओं के विवरण नीचे दिए गए हैं:

| पद का नाम | कनिष्ठ मैकेनिक (इलेक्ट्रिकल) | कनि. मैकेनिक (मैकेनिकल) | ड्राइवर-सह-मैकेनिक |
|---|---|---|---|
| वेतनमान | वेतन लेवल-2 (7वां कें.वे.आ.) | वेतन लेवल-2 (7वां कें.वे.आ.) | वेतन लेवल-2 (7वां कें.वे.आ.) |
| पदों की संख्या | 2-अना | 1-अना | 1-अपिव |
| भर्ती की पद्धति | सीधी | सीधी | सीधी |
| आयु सीमा | 28 वर्ष से नीचे | 28 वर्ष से नीचे | 28 वर्ष से नीचे |
| शिक्षा अर्हता | अनिवार्य:<br>i) आठवीं श्रेणी उत्तीर्ण.<br>ii) मान्यताप्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल ट्रेड में दक्षता प्रमाणपत्र.<br>iii) वायरमैन लाइसेंस अवश्य रखते हों.<br>वांछनीय:<br>i) एसएफ (माध्यमिक) उत्तीर्ण.<br>ii) इलेक्ट्रिकल ट्रेड में 5 वर्ष का कार्य अनुभव. | अनिवार्य:<br>i) आठवीं श्रेणी उत्तीर्ण.<br>ii) मान्यताप्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल ट्रेड में दक्षता प्रमाणपत्र.<br>वांछनीय:<br>i) एसएफ (माध्यमिक) उत्तीर्ण.<br>ii) मैकेनिकल ट्रेड में 5 वर्ष का कार्य अनुभव. | अनिवार्य:<br>i) 8वीं श्रेणी उत्तीर्ण<br>ii) हल्के और भारी मोटर वाहन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य रखते हों.<br>iii) कम से कम 5 वर्ष का ड्राइविंग लाइसेंस.<br>iv) ऑटोमोबाइल में छोटी मोटी मरम्मत करने में योग्य हों.<br>वांछनीय: ऑटोमोबाइल मैकेनिक में प्रमाणपत्र.<br>चयन ट्रेड परीक्षा के जरिए किया जाना है. |
| परिवीक्षा अवधि | 1 वर्ष | 1 वर्ष | 1 वर्ष |

आवेदन प्रक्रिया

1. केवल **विधिवत भरे हुए ऑनलाइन** आवेदन (**www.jcbose.ac.in में उपलब्ध (17.00 बजे आईएसटी 13.02.2023 तक)** प्रोसेस किए जाएंगे. 13.02.**2023 (1700 बजे आई एस टी) के बाद कोई भी** आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.
2. **शैक्षणिक** अर्हताओं, अनुभव प्रमाणपत्रों और कोई अन्य शंसापत्रों **की विधिवत स्वयं सत्यापित प्रतियां** साथ में ऑटो **जेनरेटिड** ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र **आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित रजिस्ट्रार (स्थानापन्न), बोस** संस्थान, यूनिफाइड **एकेडमिक कैम्पस, ब्लॉक ईएन 80, सेक्टर 5, बिधान** नगर, **कोलकाता**-700091 के पास **13.02.2023 को 17.00 बजे (आईएसटी) तक प्रस्तुत किए जाने** चाहिए.
3. **पात्रता** मानदंड, **ऊपरी** आयु सीमा सहित, **की गणना आवेदन प्रस्तुति** की अंतिम तिथि **अर्थात** 13.02.2023 **को की** जाएगी.
4. सभी **समर्थित** दस्तावेज अपलोड करना **अपेक्षित है** और **अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि** ऑनलाइन आवेदन **प्रक्रिया** आरंभ करने **से पहले अपेक्षित दस्तावेजों की पीडीएफ फाइलें तैयार कर** लें.
5. आवेदन **पत्र की** हार्ड **प्रति भेजने** से पहले, **उम्मीदवारों को** सलाह दी जाती है कि वे इस बात की जांच कर लें कि **क्या उसने विज्ञापन** के अनुरूप **सभी आवश्यक** दस्तावेज, शंसापत्र संलग्न कर दिए हैं अथवा नहीं. **बोस संस्थान को उसके** आवेदन पत्र की अस्वीकृति के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा. इस संबंध **में किसी दस्तावेज के** नहीं होने के लिए किसी तरह की अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.
6. **ई-मेल के जरिए प्राप्त/अपूर्ण (अर्थात बगैर हस्ताक्षर/फोटोग्राफ चिपकाए बगैर)/निर्धारित प्रपत्र में नहीं होना, संगत दस्तावेजों, शंसापत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियों के बगैर/उचित माध्यम से नहीं होना, बगैर एनओसी के प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर ही अस्वीकार कर दिए जाएंगे.**
7. केवल अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को ही उन**के संबंधित ई-मेल आईडी पर साक्षात्कार की तिथि को** सूचित किया जाएगा. सूची **www.jcbose.ac.in पर भी उपलब्ध होगी.**
8. आवेदन करने से पहले आवेदकों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए **कि वे कम से कम पद के लिए** निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं रखते हैं और विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तें पूरी करते हैं. यदि कोई उम्मीदवार पात्र नहीं पाया जाता है, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में और/अथवा यहां तक कि बोस संस्थान में पद की ज्वाइनिंग के बाद भी निरस्त कर दी जाएगी. (कृपया यह नोट कर लें कि यहां तक कि यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार में सफल हो जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि वह पात्रता मानदंड पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी).
9. निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और इन्हें रखने मात्र से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा. आवेदनों की संख्या बहुत अधिक होने पर संस्थान साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए अल्पसूचीकरण मानदंड अपना सकता है.
10. ड्राइवर-सह-मैकेनिक के पद के लिए चयन ट्रेड परीक्षा तदुपरांत साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा.
11. उम्मीदवार किसी भी संशोधन के लिए संस्थान की वेबसाइट पर ध्यान रख सकते हैं.
12. राज्य अथवा केंद्रीय विश्वविद्यालयों/स्वायत्त संस्थाओं/राज्य अथवा केंद्रीय सरकार के अनुसंधान संस्थाओं आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजने चाहिए और वे अनापत्ति प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करेंगे.
13. राज्य अथवा केंद्रीय सरकार के कार्यालयों, राज्य अथवा केंद्रीय विश्वविद्यालयों/स्वायत्त संस्थाओं/राज्य या केंद्रीय सरकार के अनुसंधान संस्थानों/एनजीओ/निजी संगठन आदि में संविदा आधार पर कार्यरत उम्मीदवार को अपने संगठन/नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करनी चाहिए.
14. किसी अंतरिम पूछताछ, जो भी हो, पर विचार नहीं किया जाएगा.
15. सिफारिश अथवा किसी प्रकार का दबाव डलवाए जाने से उम्मीदवार अयोग्य हो जाएंगे.
16. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने/अपलोड करने का कार्य पूरा होने और प्रस्तुत कर दिए जाने पर उम्मीदवार को आवेदन प्रपत्र की एक प्रति डाउनलोड कर लेनी चाहिए, उस पर हस्ताक्षर करें, प्रमाणपत्रों/शंसा पत्रों आदि की स्वयं सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करते हुए प्रेषित करें जो कि 13.02.2023, 1700 बजे (आईएसटी) **तक "रजिस्ट्रार (स्थानापन्न), बोस संस्थान,** यूनिफाइड एकेडमिक कैम्पस, ब्लॉक-ईएन **80, सेक्टर-5,** बिधान नगर, कोलकाता - 700091 के पास स्पीड पोस्ट/कोरियर से पहुंच **जाने चाहिए. अस**म, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगरलैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख **(यूटी), हिमाच**ल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला तथा चंबा जिले की पांगी सब डिविजन, **अंडमान तथा निको**बार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में **उम्मी**दवारों से आवेदन प्राप्त की अंतिम तिथि 28.02.**2023 है. डाक** में देरी के लिए, यदि कोई है, **संस्थान जिम्मे**दार नहीं होगा.
17. **भर्ती प्रक्रिया पूरी हो**ने तक संस्थान की वेबसाइट पर **अपलोड की गई** सूचना आरटीआई अधिनियम, **2005 के अधीन उम्मीदवार सहि**त किसी भी आरटीआई **आवेदक को** उपलब्ध नहीं कराई जाएगी. **संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड** की गई सूचना **केवल एक विनिर्दिष्ट** अवधि के लिए होगी. अतः **उम्मीदवारों को सूचना डाउनलोड** करने और भविष्य **के लिए संदर्भ हे**तु इसे रखने की सलाह दी जाती **है. भर्ती प्रक्रिया के दौरान न तो को**ई आवेदन **आरटीआई अधिनियम**, 2005 के तहत स्वीकार किया **जाएगा और न ही सूचना उपलब्ध** कराई जाएगी. **तथ्यात्मक सूचना** आरटीआई अधिनियम, 2005 के **तहत केवल अंतिम परिणाम की घो**षणा होने **के बाद और नियमों** के अनुसार शर्तों के विषयाधीन इस अधिसूचना की संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया पूरी **होने के बाद उपलब्ध** कराई जाएगी. आनुमानिक अथवा काल्पनिक प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा**एगा.**
18. सेवा में सीधी भर्ती के लिए व्यक्ति **का चरित्र, कुछ ऐसा हो**ना चाहिए जिससे सेवा में नियुक्ति के लिए हर तरह से उपयुक्त हो. संघीय **सरकार अथवा किसी राज्य** सरकार अथवा स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी निगम, जो कि केंद्रीय **सरकार अथवा किसी** राज्य सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण अधीन किसी संगठन के कर्म**चारी अथवा निजी क्षेत्र के** संगठनों में सेवारत व्यक्ति को यदि बर्खास्त किया गया है , उन्हें **नियुक्ति हेतु अपात्र माना जाएगा.**
19. **सेवानिवृत्ति लाभ बोस संस्थान में यथा ला**गू नई पेंशन प्रणाली के अनुरूप विनियमित किया जाएगा **अथवा अपने वर्तमान रोजगार में पेंशन यो**ग्य सेवा में उम्मीदवारों को बोस संस्थान में सेवा की पुष्टि **हाने पर नियमानुसार केंद्रीय सरकार की पुरानी स्कीम** के अधीन पेंशनयोग्य सेवा का लाभ लेने के **लिए बोस संस्थान** में स्थानांतरित अप**ने सेवानिवृत्ति लाभ को** प्राप्त करना अपेक्षित होगा.
20. **पात्र** उम्मीदवारों को भारत सरकार **के दिशानिर्देशों के अनुसार आ**यु में छूट दी जाएगी.
21. अजा/अजजा/अपिव और बेंचमार्क **निःशक्तता से** ग्रसित **व्यक्तियों को** आरक्षण नियम, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा यथा **अधिसूचित नियमों के तहत लागू** होगा.
22. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिशानिर्देशों **के अनुसार** अपिव **श्रेणी में आरक्ष**ण का दावा करने के लिए संबंधित उम्मीदवार द्वारा जाति प्रमाणपत्र **प्रस्तुत करना** होगा (**प्रारूप बोस संस्था**न वेबसाइट में दिया गया है).
23. अपिव से संबंधित होने का दावा करने वाला कोई भी **उम्मीदवार** किसी **भी विनिर्दिष्ट प्राधि**कारी से हस्ताक्षरित निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे. कोई **अन्य प्रमाणपत्र** स्वी**कार्य नहीं होगा**. जाति प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी को भी प्रमाणित करना **चाहिए, कि उम्मी**दवार **किसी** संपन्न वर्ग से संबंधित नहीं है (प्रारूप बोस संस्थान की वेबसाइट में दिया **गया है**)
24. चयनित उम्मीदवार को संस्थान के अधिकार क्षेत्र में बोस संस्थान के **किसी** भी कैम्पस में तैनात किया जा सकता है.
25. निदेशक, बोस संस्थान के पास भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान रिक्ति विज्ञापन को अंशतः अथवा पूर्ण रूप से निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
26. संस्थान की आवश्यकता पर रिक्तियों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है.
27. **सभी विवाद कोलकाता कार्याधिकार क्षेत्र में आएंगे.**

आवेदन पत्र के साथ अर्हताओं और अनुभव के समर्थन में प्रमाणपत्रों की विधिवत स्वयं सत्यापित फोटो प्रतियां भेजी जानी चाहिए. कृपया मूल प्रतियां न भेजें.

जिस लिफाफे में आवेदन पत्र भेजें उसके ऊपर "**कनिष्ठ मैकेनिक (इलेक्ट्रिकल), कनिष्ठ मैकेनिक (मैकेनिकल) और ड्राइवर-सह-मैकेनिक**", जो भी लागू है, के पद हेतु आवेदन-पत्र लिखना चाहिए. एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ऊपर वर्णित दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र का अलग-2 लिफाफा प्रेषित करने की आवश्यकता है.

**रजिस्ट्रार (स्थानापन्न)**

सत्यमेव जयते

# छावनी परिषद् रानीखेत

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

सं.121/स्था./भर्ती/सीबीआर/2022/ दिनांक: 02-01-2023

## छावनी परिषद् रानीखेत में विभिन्न पदों हेतु सीधी भर्ती

छावनी परिषद् रानीखेत (उत्तराखंड) में निम्नलिखित रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.. पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट/पोर्टल **https://ranikhet.cantt.gov.in** या **https://iforms.mponline.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन **कर सकते हैं. छावनी परिषद् रानीखेत एक स्वायत्तशासी** स्थानीय निकाय है और इसके कर्मचारियों की सेवाएं समय-समय पर यथा संशोधित छावनी परिषद् कर्मचारी सेवा नियमावली, 2021 द्वारा शासित होती हैं. विस्तृत **विज्ञापन वेबसाइट**/पोर्टल **https://ranikhet.cantt.gov.in और https://iforms.mponline.gov.in** पर देखा जा सकता है.

**पदों का विवरण**

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | श्रेणी वार | | | | | वेतनमान | आयु (वर्ष में) | न्यूनतम अर्हता | चयन पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | ओबीसी | एससी | एसटी | ईडब्ल्यूएस | | | | |
| 1. | सहायक शिक्षक (प्राथमिक) | 04 | 03 | - | 01 | - | - | रु. 9300-34800 + जीपी रु. 4200/- (स्तर-06) | 21-30 | **किसी भी वर्ग में** स्नातक डिग्री तथा निम्नलिखित पात्रता **विवरणों में से एक के** साथ राज्य टीईटी/केंद्रीय टीईटी **प्राथमिक स्तरीय परीक्षा** उत्तीर्णः-<br>**3. किसी भी मान्यताप्राप्त संस्थान** में डी.एल.एड. **(बीटीसी) परीक्षा. अथवा**<br>4. बी.एड. **परीक्षा उत्तीर्ण.** | लिखित परीक्षा |
| 2. | वनपाल | 01 | - | - | 01 | - | - | **रु. 5200-20200 + जीपी रु.** 2800/- **(स्तर-05)** | 21-30 | 1. इंटरमीडिएट **(विज्ञान या कृषि)**<br>2. पुरुष के लिए **25 किमी दौड़ और** महिला के लिए 14 किमी दौड़ (**अर्हक प्रकृति की कौश**ल परीक्षा) | लिखित एवं कौशल परीक्षा |
| 3. | मीटर रीडर (जल) | 01 | 01 | - | - | - | - | रु. 5200-20200 + जीपी रु. 2000/- (स्तर-03) | 21-30 | इंटरमीडिएट | लिखित परीक्षा |

- ऑनलाइन **आवेदन प्राप्ति हेतु** आयु सीमा पर 31-01-2023 के अनु**सार विचार किया जाएगा तथा छावनी परिषद् कर्म**चारी सेवा नियमावली, 2021 के अंतर्गत विद्यमान नियमों **के अनुरूप आयु सीमा** 21-30 वर्ष है और आरक्षित श्रेणियों **के लिए** छूट **भारत** सरकार के निर्देशों के अनुरूप दी जाएगी.
- **प्रत्येक पद हेतु प्रत्येक उम्मीदवार** के लिए परीक्षा **शुल्कः- सामान्य / अनारक्षित / भूतपूर्व सैनिक / विभागीय उम्मीदवार/अन्य** पिछड़ा वर्ग के लिए रु. 1000/- तथा अनुसूचि**त जाति/अनुसूचित** जनजाति/दिव्यांग (न्यूनतम 40%) **के लिए रु. 500/-**. ट्रांसजेंडर के लिए परीक्षा शुल्क **से छूट नहीं है.**
- **विस्तृत विज्ञापन, परिवर्तन/**शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, **और अन्य जानकारी को आधिका**रिक **वेबसाइट https://ranikhet.cantt.go**v.in और **https://iforms.mponline.gov.in पर देखा जा सकता है.**

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन जमा** करना प्रारंभ करने **की तिथि** | 15.0**1.2023** |
| **ऑनलाइन आवेदन प्राप्त** करने की अंतिम **तिथि** | 01.03.2023 **को 23:59 बजे तक.** |

स्थानः रानी**खेत**

दिनांकः 02-**01-2023**

**(नागेश** कुमार पाण्डेय, आईडीईएस)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
छावनी परिषद् रानीखेत

# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

1. जयपुर साहित्य महोत्सव में श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया?
   (अ) अपर्णा सेन (ब) डॉ. सुनीता घोघरा
   (स) इरशाद कामिल (द) इनमें से कोई नहीं

2. राजस्थान क्रिकेट संघ की क्रिकेट अकादमी कहाँ स्थापित होगी?
   (अ) जयपुर (ब) जोधपुर
   (स) अजमेर (द) जैसलमेर

3. राजीव गाँधी शहरी ओलंपिक खेल राजस्थान के कितने नगरीय निकायों में आयोजित होंगे?
   (अ) 10 (ब) 36 (स) 196 (द) 240

4. पर्यटन विभाग द्वारा जैसलमेर में किसके सहयोग से रेगिस्तान संगीत महोत्सव का आयोजन किया गया?
   (अ) विश्व बैंक (ब) यूनिसेफ
   (स) यूनेस्कों (द) इनमें से कोई नहीं

5. हाल ही चर्चा में रहा परख अभियान किससे संबंधित है?
   (अ) उद्योग (ब) बैंकिंग
   (स) स्वास्थ्य (द) शिक्षा

6. मूंगफली उत्पादन में राजस्थान का भारत में कौनसा स्थान है?
   (अ) प्रथम (ब) द्वितीय
   (स) तृतीय (द) इनमें से कोई नहीं

7. निम्बार्क संप्रदाय की प्रमुख पीठ कहाँ स्थित है?
   (अ) नाथद्वारा (ब) नरायना (जयपुर)
   (स) किशनगढ़ (अजमेर) (द) गलताजी (जयपुर)

8. राजस्थान में शक्ति अभियान किस जिले से संबंधित है?
   (अ) अजमेर (ब) जयपुर (स) पाली (द) बीकानेर

9. निम्न में से किसने जयपुर में हवामहल का निर्माण करवाया?
   (अ) प्रतापसिंह (ब) मानसिंह II
   (स) माधोसिंह II (द) जगतसिंह

10. राजस्थान में बागौर सभ्यता किस नदी के किनारे विकसित हुई?
    (अ) कालीसिंध (ब) कोठारी (स) चंबल (द) लूनी

11. हाल ही में किसे राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
    (अ) राजीव मेहता (ब) राजीव लक्ष्मण करंदीकर
    (स) असगर वजाहत (द) पी. सेन

12. सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने वाला दुनिया का पहला क्रिकेटर है ?
    (अ) वीरेन्द्र सहवाग (ब) रोहित शर्मा (स) ईशान किशन (द) शुभमन गिल

13. हाल ही में प्रसिद्ध सांची स्तूप के पूर्वी गेट की प्रतिकृति का अनावरण कहाँ किया गया?
    (अ) ब्रिटेन (ब) जापान
    (स) जर्मनी (द) इनमें से कोई नहीं

14. चर्म रोग के उपचार में किस रेडियो आइसोटोप का प्रयोग किया जाता है?
    (अ) रेडियो कोबाल्ट (ब) रेडियो फास्फोरस
    (स) रेडियो सीसा (द) इनमें से कोई नहीं

15. विद्युत प्रेस का आविष्कार किसने किया?
    (अ) हेनरी शीले (ब) हेनरी बेकरल
    (स) थियोफ्रेस्टस (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरमाला**

1(स) 2(ब) 3(द) 4(स) 5(द) 6(ब) 7(स) 8(द) 9(अ) 10(ब) 11(ब) 12(द) 13(स) 14(ब) 15(अ)

